
# एडीए की कार्रवाई से नाराज युवक पानी की टंकी पर चढ़ा

## प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइस के बाद उतरा नीचे, पैतृक जमीन से बेदखल करने का लगाया आरोप

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र में अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) की कार्यवाही से खफा चौरसियावास निवासी एक युवक गुरुवार सुबह पृथ्वीराज नगर स्थित बनी पानी टंकी पर चढ़ गया। करीब पांच घंटे चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद पुलिस की समझाइश से नीचे उतरा। पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिस पर युवक व उसके परिजन ने एडीए पर पैतृक जमीन से बेदखल करने का आरोप लगाया।





अजमेर विकास प्राधीकरण (एडीए) की कार्यवाही से खफा होकर चौरसियावास गांव का एक युवक सुलेमान क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र स्थित पृथ्वीराज नगर में गुरुवार सुबह छह बजे घर से आया और पानी की टंकी पर चढ़ गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को समझाने का प्रयास किया। करीब पांच घंटे चले नाटकीय घटनाक्रम के बाद एडीए अधिकारियों के आश्वासन के बाद युवक नीचे उतर आया। इसके बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**पैतृक जमीन से किया बेदखल :** चौरसियावास गांव के रहने वाले सुलेमान का आरोप है कि एडीए अधिकारियों ने उसकी साढ़े तीन बीधा पैतृक जमीन से बेदखल कर दिया है। कई सालों से उसका परिवार एडीए अधिकारियों के यहां पर चक्कर लगा रहे हैं। एकल खिड़की पर दर्जनों शिकायतें देने के बाद भी उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सुलेमान ने आरोप लगाया कि बुधवार को उसकी मां एडीए पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। लेकिन अधिकारियों के हाथ पांव जोड़ने के बाद भी उसकी सुनवाई नहीं हुई। एडीए अधिकारियों ने साढ़े तीन बीधा जमीन को अतिक्रमण बताते हुए उसकी चार दीवारी को ध्वस्त करते हुए कब्जा ले लिया। अंत में परेशान होकर अपनी बात प्रशासन के सामाने रखने के लिए वह पानी की टंकी पर चढ़ गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

**परिजन व पुलिस ने की समझाइश:** सुलेमान के पानी की टंकी पर चढ़ने के बाद उसके परिजन प्रशासन को नीचे उतारने के लिए हाथ पैर जोड़ते नजर आए। सुलेमान के भाई ने बताया कि वह मजदूरी करता है, पिछले ही दिनों पैत्रक जमीन पर चार दीवारी करवाई थी। लेकिन एडीए अधिकारियों ने ध्वस्त कर दिया। क्रिश्चनगंज थान प्रभारी अरविंद चारण पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मौजूदगी में युवक सुलेमान पानी की टंकी से कूदने की धमकी देता रहा। युवक की धमकी को देखते हुए अधिकारियों के हाथ पांव फूल गए।

**आश्वासन के बाद उतरा नीचे :** थाना प्रभारी चारण ने समझाइश की, सुबह दस बजे जब एडीए अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और आश्वासन देने के ही बाद ही युवक सुलेमान कई घंटों के बाद नीचे उतरा। वहीं एडीए अधिकारियों का कहना है कि कार्यवाही उचित है, फिर भी दस्तावेज देखने के बाद निर्णय लिया जाएगा।

### इकना कहना है

पुलिस को सूचना मिली थी कि एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया है। पुलिस मौके पर पहुंची। परिजन ने बताया कि एडीए से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। परिवार वाले भी उससे समझाइश कर रहे हैं,नीचे आकर बातचीत करेंगे। कानूनी दस्तावेज हैं, को उचित कार्यवाही की जाएगी।

**–श्रीकिशन दीवान, क्रिश्चियन गंज थाना।**

## युवती के नाम से लिखे अश्लील मैसेज के पोस्टर घरों पर चिपकाए

### पीड़िता ने पुलिस में दी शिकायत, पति पर लगाए आरोप, मुकदमा दर्ज

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर के क्लॉक टावर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती के नाम से अश्लील मैसेज लिखकर घर सहित कॉलोनी में पोस्टर चिपकाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने पति पर आरोप लगाते हुए क्लॉक टावर थाने में शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्लॉक टावर थाना पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 23 वर्षीय पीड़िता ने लिखित शिकायत देते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। दर्ज शिकायत में बताया कि गुरुवार सुबह 8 बजे जब वह अपने घर से बाहर निकली, तो उसने देखा कि उसके घर के बाहर एक पोस्टर चिपका हुआ था जिसमें अश्लील कमेंट सहित मैसेज लिखा हुआ था। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने भाई और पिता को दी। पीड़िता ने बताया कि जब परिवार के सदस्यों ने क्षेत्र में जाकर जानकारी ली तो उन्होंने पाया कि ऐसे पोस्टर पूरी कॉलोनी में लगे हुए थे।

**पति पर जताया शक:** पीड़िता ने अपने पति पर शक जाहिर किया है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता और उसके पति के बीच 5-6 माह से अनबन चल रही है। लगाए गए पोस्टर की वजह से उसकी बदनामी हो रही है। इस घटना के बाद पीड़िता ने क्लॉक टावर थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच शुरू कर दी है। पुलिस आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

## सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाईजर के लिए भर्ती कैम्प 24 से

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** रोजगार कार्यालय एवं भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए सुरक्षा जवानए सुरक्षा सुपरवाइजर एवं सुरक्षा अधिकारी भर्ती कैंप 24 नवम्बर से जिले की पंचायत समिति स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। एसएससीआई आरटीए नीमच के कमाण्डेन्ट महिपाल सिंह ने बताया कि आगामी 24 नवम्बर को पंचायत समिति केकड़ी, 25 नवम्बर को पंचायत समिति पीसांगन, 26 नवम्बर को पंचायत समिति सरवाड़, 27 नवम्बर को पंचायत समिति जवाजा, 28 नवम्बर को पंचायत समिति मसूदा, 29 नवम्बर को पंचायत समिति भिनाय, 2 दिसम्बर को पंचायत समिति अरांई, 3 व 5 दिसम्बर को पंचायत समिति श्रीनगर, 4 व 6 दिसम्बर को पंचायत समिति सिलोरा किशनगढ में भर्ती केम्प आयोजित होंगे। भर्ती केम्प का समय प्रातः 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक रहेगा।

## श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह 8 को



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** सांई बाबा मंदिर अजमेर में 8 दिसम्बर को आयोजित होने वाले श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह के संदर्भ में सिंध सारस्वत ब्राहम्ण मंडल संस्था के पदाधिकारियों के साथ रसोई रेस्टोरेन्टए स्वामी कॉम्पलेक्स पर समारोह समिति की बैठक आयोजित कर विवाह में डिख व वेडी (फेरो) की पूजन सामग्री संग्रहित करने के दायित्व दिए। समारोह अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी ने बताया कि बाह्मण समाज के संरक्षक पंडित कन्हैयालाल शर्मा, कमल भारद्वाज, अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा नेतृत्व में मुख्य पुरोहित राजू शर्मा, आचार्य संजय शर्मा, सहआचार्य प्रकाश शर्मा सहित 15 पंडितों द्वारा सामुहिक मंत्रो उच्चारण के साथ कन्यादान समारोह का डिख, वेडी (फेरों) पूजन सिंध के रीति-रिवाज व विधि विधान से होंगे।

स्वामी हिरदाराम के प्रेरणा से ताराचंद हुंदलदास खानचंदानी सेवा संस्था, श्री अमरापुर सेवा घर, सिंधी समाज महासमिति, सांई बाबा मंदिर अजमेर के संयुक्त तत्वावधान में अप्रवासी भारतीय सुरेश रामनानीए श्री रामचन्द गुलाबानीए महेश तेजवानी व भामाशाहों के सहयोग से आयोजित व श्री झूलेलाल सामूहिक कन्यादान समारोह आयोजित किया जा रहा है। बैठक में पंडितों सहित आयोजन सह-संयोजक हरी चंदनानी, कोर कमेटी के शंकर बदलानी, ओमप्रकाश हीरानंदानी, प्रेम केवलरमानी, पूजन समिति की संयोजक अंजू शर्मा व सह-संयोजक नीलम शर्मा, दीलिप भूरानी, ईश्वर अमरनानी, विशाल शर्मा सहित कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।

## अजमेर मंडल कार्यालय में लगा डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र शिविर

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भरने के लिए गुरुवार को अजमेर मंडल कार्यालय में कैम्प का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में पेंशनधारियों ने लाभ उठाया। अजमेर रेल मंडल कार्यालय में गुरुवार को रेलवे की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के डिजिटल जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन भरने लिए कैम्प का आयोजन किया गया, कैम्प सुबह 10:30 से शाम 5:30 बजे चला। जिसमें सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं उनके आश्रितों ने अपनी पेंशन तथा परिवार पेंशन के लिए जीवित प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करवाए गए। कैम्प उन पेंशनर के लिए लगाया गया, जिन्होंने जीवित होने का प्रमाण पत्र बैंकों में जमा नहीं कराया है। कैम्प में बड़ी संख्या में पेंशनधारियों व आश्रितों ने प्रमाण पत्र ऑनलाइन जमा करवाए। शिविर में आने वाले पेंशनधारियों अथवा परिवार पेंशन प्राप्त करने वाले व्यक्ति को अपने पीपीओ की प्रतिलिपि, आधार कार्ड नम्बर, ईमेल आईडी, पेन कार्ड नम्बर एवं बैंक अकाउन्ट नम्बर के दस्तावेज लेकर कैम्प पहुंचे। मंडल कार्यालय में आयोजित कैम्प से जुडे अधिकारियों ने बताया कि अजमेर में मंडल के उदयपुर सिटी में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में 24 नवंबर, आबू रोड में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में 27 नवंबर को तथा भीलवाड़ा में स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में 30 नवंबर कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

## जिन्दाशाह मदार साहब का दो दिवसीय उर्स कुल की रस्म के साथ संपन्न

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** मदार स्थित जिन्दाशाह मदार साहब का दो दिवसीय 608वां उर्स गुरुवार को कुल की रस्म के साथ संपन्न हुआ। खिदमतगार शरीफ खान और मुतवल्ली फरीदखान ने बताया कि कुंदन नगर स्थित मदार टेकरी स्थित हजरत सैयदबदीउद्दीन कुतबुल मदार जिंदा शाह का दो दिवसीय उर्स बुधवार को शुरू हुआ था, जिसका समापन गुरुवार दोपहर 1:15 बजे मजार शरीफ पर चादर और कुल की रस्म के साथ हुआ। उन्होंने बताया कि उर्स मौके पर गरीब नवाज सूफी मिशन सोसायटी की ओर से चादर पेश की गई। उर्स के समापन अवसर पर चादर और फूल पेश कर देश में अमन चेन व शांति भाईचरागी की दुआ मांगी। आम जायरीन में लंगर तकसीम किया गया।

## बाबा हरदयाल दरबार में कथा महोत्सव का आयोजन

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** बाबा हरदयाल दरबार कुटिया के सन्त अशोक गाफिल एवं सन्त अमर उदासी ने गुरुवार को दरबार आयोजित वामन देवता की कथा का श्रवण करवाते हुए बताया कि वामन अवतार को वीरल देवता के रूप में पूजन किया जाता है। महन्त अशोक गाफिल एवं संत अमर उदासी ने बताया कि वीरल ब्रहस्पति देवता की पूजा से परिवार में खुशहाली आती है एवं कल्याण होता है। पूज्य सिन्धी पंचायत अजमेर के रमेश लालवानी ने बताया कि दरबार में पूज्य झूलेलाल साहिब के सेवादारी लाल वारी अम्मा दरबार के बहिराणे साहिब के भिश्ती नारी भोजवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि कार्तिक मास में उनके द्वारा दरबार में भक्तियाणी द्रोपदी भोजवानी द्वारा कार्तिक भगवानी की कथा का श्रवण करवाया गया। इस अवसर पर बाबा हरदयाल दरबार के संतों द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब में नित नेम, आसा दी वार, कीर्तन, सुखमनी साहिब का पाठ सहित अन्य आयोजन हुए।

## भूमिगत विद्युत केबिल को चालू कराने की मांग, ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के पंचशील डिस्कॉम मुख्यालय आगमन पर भाजपा वार्ड नंबर 54 के अध्यक्ष प्रवीण राठौड़ ने ज्ञापन सौंपकर नाका मदार स्थित शक्ति नगर में पूर्व में डाली गई भूमिगत विद्युत केबिल को चालू कराने की मांग की है।

प्रवीण राठौड़ ने ऊर्जा मंत्री नागर को दिए ज्ञापन में बताया की वार्ड नंबर 54 शक्ति नगर के पास लगभग छह वर्षो पूर्व श्रीनगर रोड पर आमजन के लिए ओवर ब्रीज का निर्माण किया गया था, उसी दौरान उपरोक्त क्षेत्र में अजमेर विद्युत विभाग द्वारा 33 हजार केवी की हाई टेन्शन विद्युत लाईन डाली गई थी इससे करंट लगने के कारण दो लोगों की मृत्यु हो गई थी, ऐसी घटना को रोकने के लिए उपरोक्त क्षेत्र में भूमिगत विद्युत केबिल डाली गई थी, लेकिन आज तक डाली गई भूमिगत केबिल चालू नहीं हुई है। मंत्री को दिए ज्ञापन में बताया की पूर्व में 3 जुलाई, 2024 को डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को भी इस सम्बन्ध में पत्र देकर अवगत कराया जा चुका है, परंतु आज तक कोई कार्रवाई की नहीं गई है।

ऊर्जा मंत्री ने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक को शीघ्र ही अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। ज्ञापन देने वालों में प्रवीण राठोड़ के साथ मुन्नाभाई मंसूरी, मदन धानका, हिम्मत सिंह राठोड, ज्ञान वैष्णव आदि मौजूद रहे।

## अजमेर व्यापारिक महासंघ ने सड़क दुरूस्ती के लिए प्रशासन से की मांग



**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** अजमेर व्यापारिक महासंघ के प्रतिनिधियों ने सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के आगामी सालाना उर्स से पूर्व शहर की सड़कों की दुर्दशा सुधारने सहित मूलभूत सुविधाओं को सुधारने की जिला प्रशासन से मांग की है। गुरुवार को सड़को प्रमुखों मार्गो की दशा पर अत्यन्त रोष व्यक्त किया।

दरगाह बाजार एसोसिएशन के अध्यक्ष होतचन्द सीरनानी व श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने कहा कि ख्वाजा साहब का सालाना उर्स मेला भी आगामी जनवरी माह में प्रारम्भ होने वाला है, लेकिन शहर की सड़कों की दुर्दशा खराब है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों द्वारा शहर की सड़कों को लेकर समाचार पत्रों में दिए जाने वाले बयानों के अनुसार धरातल पर किसी भी सड़क को पूर्णतः नहीं बनवाया गया है।

शहर के मुख्य मार्टिंडल ब्रिज, रेल्वे स्टेशन रोड, एलिवेटेड रोड के साथ की सड़क, जीपीओ, पृथ्वीराज मार्ग, खाईलैण्ड बाजार, भैंसा काम्प्लेक्स मार्ग, आगरा गेट, नसियां मार्ग, महावीर सर्किल, कचहरी रोड, ब्रह्मपुरी, सांई बाबा मार्ग, रामगंज थाना मार्ग, शहीद भगत सिंह मार्ग, चन्द्रवरदाई नगर मार्ग, हरि ओम कॉलोनी, ब्यावर रोड एचएमटी मार्ग, चन्द्र वरदाई नगर, सुभाष नगर रेलवे लाईन मार्ग, डीएवी कालेज ब्यावर रोड, दरगाह सम्पर्क सड़क सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने की मांग की है।

व्यापारी प्रतिनिधि किशन पारीक, बदरुद्दीन कुरैशी, सरदार रणजीत सिंह, चेतन सैनी, संजीव खंडेलवाल, प्रदीप अग्रवाल, राजेन्द्र मूरजानी, गोविन्द लालवानी पदाधिकारियों ने कलेक्टर लोक बंधु से सड़कों की दशा सुधरवाने की मांग की है।

## भाजपा सरकार ने बिजली तंत्र को मजबूत किया : ऊर्जा मंत्री

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर (स्वतंत्र प्रभार) अपने दिवसीय दौरे पर गुरुवार को अजमेर पहुंचे, यहां उन्होंने शहर भाजपा की आयोजित बैठक में भाग लिया। इसके पश्चात अजमेर विद्यतु वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। अजमेर पहुंचने पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बिजली क्षेत्र में भाजपा सरकार ने बिजली तंत्र को मजबूत किया है। प्रदेश में हुए उपचुनावों में भी भाजपा जीत दर्ज करेगी।



**समीक्षा बैठक में अधिकारियों को किया निर्देशित :** ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर ने गुरुवार को दोपहर तीन बजे माकड़वाली स्थित अजमेर विद्यतु विद्यतरण निगम लिमिटेड डिस्कॉम के क्षेत्रीय कार्यालय में अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में विद्युत आपूर्ति को सुदृढ़ बनाने और टाटा पावर के कार्यों में सुधार करने पर विस्तृत चर्चा की गई। मंत्री नगर ने बताया कि वे प्रदेश के सभी जिलों में जाकर रिव्यू मीटिंग कर रहे हैं ताकि बिजली आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जा सके और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाया जा सके। बैठक के दौरान अजमेर डिस्कॉम अधिकारियों से कहा कि विद्युत आपूर्ति के अंतर को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने टाटा पावर के कार्यों में सुधार की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं मिलनी चाहिए। नागर ने कहा कि व्यवस्थाओं को कैसे बेहतर बनाया जाएए इस पर मंथन करना जरूरी है, ताकि जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मंत्री नागर ने जिले में जनप्रतिनिधियों को आ रही समस्याओं पर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिया कि हर समस्या का समय पर समाधान किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

अजमेर डिस्कॉम के जनसम्पर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रबंध निदेशक अजमेर डिस्कॉम, प्रबंध निदेशक प्रसारण निगम, तकनीकी निदेशक अजमेर डिस्कॉम, तकनीकी निदेशक प्रसारण (ऑपरेशन), संभागीय मुख्य अभियंता, संबंधित वृत्तों के अधीक्षण अभियंता मौजूद रहे। बैठक में कृषि कनेक्शनों की स्थिति और प्रगति, आरडीएसएस और कुसुम योजनाओं की वर्तमान स्थिति, रबी सीजन के लिए नियमित विद्युत सप्लाई की तैयारी, निगम भण्डारों में उपलब्ध सामग्री की स्थिति, पीएम सूर्य घर योजना व डिस्कॉम की वर्तमान स्थिति और भविष्य की योजनाएं के बारे में चर्चा की।

## केंद्रीय मंत्री चौधरी ने नैफेड को दिया निर्देश

### प्रदेश में दलहन तिलहन खरीद सुनिश्चित करने पर जोर

**मॉर्निंग न्यूज @ अजमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने राजस्थान सरकार द्वारा भेजे गए पत्र का संज्ञान लेते हुए दलहन-तिलहन की समर्थन मूल्य पर खरीद को लेकर नैफेड नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल से फोन पर वार्ता की। उन्होंने राजस्थान में मूंग, उड़द, मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों की खरीद सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। राजस्थान सरकार ने हाल ही में खरीफ 2024-25 की दलहन-तिलहन फसलों की खरीद के लिए पीएसएस योजना (प्राइस सपोर्ट स्कीम) के तहत भारत सरकार से अतिरिक्त समर्थन और खरीद की मांग की थी। राज्य में किसानों को उचित मूल्य दिलाने और उनकी उपज की खरीद सुनिश्चित करने के लिए यह कदम उठाया गया।

**कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने दिया आश्वासन :** केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार किसानों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने नैफेड के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि राजस्थान में अधिसूचित खरीद केंद्रों पर किसानों से उनकी फसलें समर्थन मूल्य पर बिना किसी बाधा के खरीदी जाएं। उन्होंने राजस्थान के मूंगए उड़दए मूंगफली और सोयाबीन के खरीद लक्ष्य को समय पर पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

**नैफेड को दिए निर्देश:** नैफेड के प्रबंध निदेशक दीपक अग्रवाल को निर्देश देते हुए चौधरी ने कहा कि खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुगमता होनी चाहिए।